सार-समाचार

पुणे के लिए नियमित रेल सेवा की मांग

जालोर, (कासं)। लोगो के हित में मूवमेन्ट मिशन के निदेशक डॉ. अरिवन्दसिंह राजपुरोहित ने जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी को ज्ञापन भेजकर जिला मुख्यालय जालोर शहर को, पुणे (महाराष्ट्र) शहर से रेल सेवा से नियमित सेवा के रुप में जोडने की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया जालोर मुख्यालय को भीनमाल, रानीवाडा, भीलडी, अहमदाबाद, वसई रोड कल्याण मार्ग से जोडने से जालोर के प्रवासी लोगो को काफी फायदा मिलेगा। जालोर शहर, भीनमाल, रानीवाडा, सांचौर क्षेत्र के अधिकांश लोग आजीविका के लिए पुणे (महाराष्ट्र) शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में रहते हैं, जिन्हें अपने पैतृक जिले में आने जाने के लिए विशेष कठिनाईयो का सामना करना पडता है, जिसमें शारिरिक, आर्थिक, मानसिक, भावनात्मक कठिनाईयों के साथ, असुरक्षित यात्रा से बार-बार रुबरु होना पडता है।खासकर क्षेत्र की महिलाओ व बच्चों को काफी परेशानी उठानी पडती है। लम्बे समय से इस क्षेत्र के समस्त वर्ग के लोगो की काफी समय से मांग को ध्यान मे रखते हुए उक्त रेल सेवा शुरु की गई तो क्षेत्र के लोगो काफी फायदा मिलेगा। इसलिए कल्याण होते हुए, पुणे शहर (महाराष्ट्र) से, नियमित रेल सेवा से जोडने की अत्यन्त आवश्यकता है, जिससे इस क्षेत्र के, खासतौर से, सामान्य वर्ग के सभी लोगो की सुरक्षित एवं सुलभ, आवागमन की सुगमता प्राप्त हो सकें। डबल इंजन की सरकार होने से क्षेत्र के लोगो को उक्त रेल सेवा का लाभ दिलाने मे सहयोग प्रदान करे।

रामदेवरा में भाट समाज के परिवार पहुंचे

पोकरण, (निसं)। रामदेवरा स्थित मरुधरा की पवित्र भूमि इन दिनों बाबा रामदेव पीर की भक्ति में रंगी हुई है। कुंभ के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु रामदेवरा पहुंच रहे हैं, वहीं भक्ति, शक्ति और आध्यात्मिकता की अनूठी छटा रामसरोवर तालाब के आसपास देखने को मिल रही है। आधुनिकता की चकाचौंध से दूर, देश के विभिन्न राज्यों गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान के कई जिलों से आए भाट समाज के हजारों परिवार बाबा रामदेव पीर की नगरी में खुले आसमान के नीचे अपना पारंपरिक डेरा डालकर ठहरे हुए हैं। बिना किसी आधुनिक सुख-सुविधा के, तम्बुओं और खुले आकाश के नीचे रहकर यह परिवार सदियों पुरानी परंपरा का पालन कर रहे हैं। इनकी भक्ति, निष्ठा और अनुशासन देखकर आने वाले श्रद्धालु भी अभिभूत हो उठते हैं। बच्चों से लेकर वृद्धों तक, सभी अपने पारंपरिक परिधान और संस्कृति के अनुरूप जीवन व्यतीत कर रहे हैं। भाट समाज के लोगों के लिए यह केवल एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि आस्था, मिलन और आत्मिक नवनीकरण का पर्व है। बाबा के दर्शन कर वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। रामसरोवर के किनारे भक्ति गीतों की स्वर लहरियाँ, दीपक की टिमटिमाती रोशनी और रामदेवरा की हवाओं में घुली श्रद्धा इस नगरी को एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र बना रही हैं। अन्य दर्शनार्थियों के लिए भी भाट समाज की यह सादगीपूर्ण जीवनशैली और सामूहिक भक्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। एक ओर आधुनिक साधनों से लैस यात्रियों का प्रवास है, वहीं दूसरी ओर इन परिवारों की सादगी, संयम और परंपरागत जीवनशैली रामदेवरा की धरती पर एक अलग ही संदेश दे रही है।

यूनिटी मार्च के लिए कार्यशाला हुई

बालोतरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। जिला मीडिया प्रभारी राजेशपुरी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में जिला संयोजक मालाराम बावरी सहसंयोजक हंसराज प्रजापत बाबूलाल मांजू ने भाग लिया। उसी निर्देश पर आज जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष भरत मोदी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आगामी 14 नवम्बर को बालोतरा जिला मुख्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयन्ती के उपलक्ष्य में सरदार 150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जायेगा। जो लगभग आठ दस किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा होगी। जिसको लेकर अलग अलग जिला पदाधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई। आगामी दिनों में राष्ट्रीय स्तरीय दस दिवसीय पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालोतरा जिले से जिला उपाध्यक्ष गोविंदसिंह कालूडी खेताराम प्रजापत भाग लेंगे। कार्यशाला में वरिष्ठ नेता भवानीसिंह टापरा, जिला महामंत्री मालाराम बावरी, जिला उपाध्यक्ष अमराराम सुंदेशा, गोविंदसिंह कालूडी, खेताराम प्रजापत, जिला मंत्री डूंगर देवासी, पूर्व प्रधान हरिसिंह उमरलाई, मण्डल अध्यक्ष गणपतसिंह भाटी, प्रवक्ता धर्मेंद्र दवे, कार्यालय मंत्री शंकर भाटी, कपिल दवे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आनंद मनाना पाप है : सुमित मुनि

जोधपुर, (का.सं.)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने बुधवार को अपने प्रवचन में कहा कि आनंद मनाना पाप है। हमें भगवान ने जो दिया है, उसका सदुपयोग करना चाहिए। संसार अच्छा लगे तो आसक्तियों का परिणाम है। आसक्ति यानि अनवरत प्रवृत्ति है। हमको अनवरत प्रवृत्ति धर्म, संयम में रहना है। बस एक ही धुन हो, मुझे संयम लेकर चलना है। संयम पथ पर चलने वाला नरक को भी स्वर्ग बना देता हैं। धरती से पानी निकालने के लिए पहले पानी डालना पड़ता है, फिर ड्रिलिंग से पानी का झरना बहता है। इसी तरह परमात्मा की जिनवाणी सुनकर अपने भीतर बैठाने से संयम का झरना बहेगा। साध्वी ने फरमाया कि ग्वाले को दुग्ध बेचने के लिए घर घर जाना पड़ता है, लेकिन शराब की दुकान जो निर्जर स्थान पर है, वहाँ पर पीने वालों की भीड़ उमड़ती है। पीने वाले को भी ज्ञात है कि शराब से स्वास्थ्य, पैसा, रिश्तों का नुकसान होता है, फिर भी वहाँ पहुँच जाते हैं। धर्म सर्वोत्तम है, नियम लेने के लिए कहना पड़ता है। हमको मन की स्थिरता तोड़नी है। अभी तक हमारा मन मोबाईल, गपशप, धंधे में नोट गिनने में रहता है वहाँ भले ही जितना भी शोरगुल हो, मन नहीं हटता है। इसलिए संसार से हटाकर धर्म में स्थिरता रखनी है। समूह में रहकर भी अकेले रहने की साधना करो एवं अकेले रहकर भी समूह को धर्म से जोड़ो।

गुजराती गैंग पर दो केस और दर्ज

जोधपुर, (कासं)। गुजरात से लाई गई ऑटो में सवारियां बैठाने के बहाने से बुजुर्गों महिलाओं और पुरूषों के गले से सोने की चेन और जेवर चुराने वाली गैंग के खिलाफ दो और प्रकरण सामने आए है।अक्टूबर दो दिन लगातार चेन चोरी की वारदात की थी। इसमें एक घटना सरदारपुरा तारघर के पास में हुई। एक अन्य प्रकरण अगस्त महिने का है जिसमें अब केस दर्ज हुआ है। सरदारपुरा पुलिस थाने में कांकरियों की पोल जैन स्कूल के पास धानमंडी की रहने वाली बुजुर्ग महिला मीना बांठिया पत्नी सोहनलाल ने रिपोर्ट दी कि उनके साथ ऑटो में 28 अक्टूबर को चेन चोरी की घटना हुई थी। ऑटो में सवार अज्ञात लोगों ने तारघर के पास में गले से चेन चोरी कर ली थी। जबकि इससे एक दिन पहले 27 अक्टूबर को महामंदिर की आशा देवी के साथ चेन चोरी की घटना हुई थी। अब महामंदिर थाने में चेन चोरी का एक और केस श्रीराम बिल्डिंग महामंदिर की रहने वाली लक्ष्मी परिहार पत्नी सुरेंद्र परिहार ने रिपोर्ट दी है। इनके अनुसार 8 अगस्त को ऑटो में सवारी करने के समय महामंदिर चौराहा से खेतानाडी रोड के बीच उनके गले से चेन चोरी हुई थी। बता दें कि आशा देवी प्रकरण सामने आने के बाद हरकत में आई महामंदिर पुलिस ने मंगलवार को गुजरात की ऑटो गैंग को पकड़ा था। पुलिस ने गुजरात के खेड़ा निवासी मंसूरी जफर भाई, रमेश भाई, गोमती उर्फ गोमी एवं पारू को पकड़ा था। दोनों महिलाओं को जेल भेज दिया गया, बाकी दो आरोपी पुलिस अभिरक्षा में है।

जालोर का आर्य वीर दल दिल्ली रवाना

जालोर, (कासं)। आर्य समाज की स्थापना दिवस पर दिल्ली वाले दिल्ली में होने वाले अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के लिए जालोर के 45 आर्य वीर व वीरांगनाए सहित जिले के सौ से अधिक लोग आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य व आर्य समाज लालपोल के प्रधान विनोद आर्य के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनका रेल्वे स्टेशन पर आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सहायक अभियंता बी आर गर्ग, लेखाधिकारी धीरज दवे, धनवंत गहलोत व नरेश गुर्जर ने माल्यार्पण कर स्वागत कर व शुभकामनाए व्यक्त कर विदा किया। आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि महासम्मेलन मे भाग लेने के लिए शाखा नायक कन्हैयालाल मिश्रा,चंद्रशेखर शर्मा,छगननाथ गोस्वामी, कश्मीरी देवी, निष्ठा जैन, चारु, डिम्पल, करीना, निशा, रेणुका, मनीषा,नैना, उर्मिला, अनुष्का, वैशाली,मानसी, सुनीता, वर्षा, कमलेश, तुषार, पियूष, आर्यन,कार्तिक वैष्णव ,कार्तिक लोहार, हिमांशु, मनीष, गिरीश,ऋषभ, विनोद, रणसिंह, हितेश, विकास व सागर आर्य बुधवार को साबरमती एक्सप्रेस से जोधपुर होकर दिल्ली प्रस्थान कर गए। उन्होंने बताया कि आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष होने पर इतिहास में अब तक का सबसे विशाल आर्य समाज सार्द्ध शताब्दी अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी, सैक्टर-10, दिल्ली में मनाया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि नरेन्द्र मोदी होंगे।

करणीदान की रचनाओं में अपनी माटी की महक मौजूद : डॉ. शर्मा

जोधपुर, (कासं)। करणीदान बारहठ जलमसदी (जन्म शताब्दी) राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अकादेमी, रम्मत संस्थान एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

करणीदान बारहठ जलमसदी राष्ट्रीय राजस्थानी संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि राजस्थानी रचनाकारों ने अपनी माटी की महक को पूरी दुनिया मे महकाया है।

जेएनवीयू के कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार शर्मा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थानी की विविध विधाओं में सृजन करने वाले कवि करणीदान बारहठ एक कर्मवीर रचनाकार थे जिनकी रचनाओं में माटी की महक मौजूद है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी साहित्य विश्व स्तर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

संगोष्ठी संयोजक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने बताया कि ख्यातनाम कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) अर्जुनदेव चारण ने करणीदान बारहठ की साहित्य साधना की विशद विवेचना करते हुए कहा कि शब्द-सत्ता की स्थापना के लिए उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। वो जमीन से जुड़े हुए रचनाकार थे जिन्होंने मानवीय संवेदना से परिपूर्ण अपनी मातृभाषा में शब्द की सत्ता को समाज में एक नई दृष्टि से स्थापित किया। मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित रचनाकार मधु आचार्य आशावादी ने कहा कि करणीदान बारहठ ने समय एवं समाज की सच्चाई को मनोवैज्ञानिक रूप से उजागर किया।

विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर (डॉ) मंगलाराम बिश्नोई ने कहा कि करणीदान बारहठ नारी अस्मिता को विश्व स्तर पर उजागर करने वाले कवि एवं राजस्थानी संस्कृति के मर्मज्ञ विद्वान थे। राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने उद्घाटन सत्र का संयोजन करते हुए करणीदान बारहठ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

साहित्य अकादेमी के उपसचिव देवेन्द्र कुमार देवेश ने स्वागत उद्बोधन के साथ संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध आलेखों को पुस्तक रूप में प्रकाशित करने की घोषणा की।

संगोष्ठी में कथेसर द्वारा प्रकाशित तथा रामस्वरूप किसान एवं डॉ. सत्यनारायण सोनी द्वारा संपादित करणीदान बारहठ विशेषांक का अतिथियों ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर साहित्य अकादेमी के अनुवाद पुरस्कार से पुरस्कृत प्रोफेसर सोहनदान चारण का अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिन तीन विभिन्न तकनीकी सत्र प्रतिष्ठित रचनाकार रामस्वरूप किसान, मीठेश निर्मोही एवं डॉ. मदन सैनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। इन सत्रों में करणीदान बारहठ की साहित्य साधना पर डॉ. सत्य नारायण सोनी, विजय बारहठ, सतपालसिंह खाती, संजय पुरोहित, कृष्ण कुमार आशु, एवं संतोष चौधरी ने पत्र वाचन किया।

सत्रों को संयोजन डॉ. मीनाक्षी बोराणा एवं तरनीजा मोहन राठौड़ एवं इन्द्रदान चारण ने किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर के.एल उपाध्याय, प्रोफेसर किशोरी लाल रैगर, प्रोफेसर के.डी. स्वामी, प्रोफेसर यादराम मीणा,डॉ. पद्मजा शर्मा, डॉ. सुमन बिस्सा, डॉ. चांदकौर जोशी, बसन्ती पंवार, डॉ. कालुराम परिहार, डॉ.ललित पंवार, डॉ. प्रवीण चन्द,डॉ. मदनसिंह राठौड़, डॉ. मंगत बादल, भंवरलाल सुथार, गिरधरगोपाल सिंह भाटी, डॉ. किरण बादल, डॉ. राजेन्द्र बारहठ, डॉ. प्रकाशदान चारण, डॉ. राम पंचाल, मोहनसिहं रतनू, डॉ. भीवसिंह राठौड, संग्रामसिंह सोढा, खेमकरण लालस, श्रवणराम भादू, सुधा शर्मा, पूनम सरावगी, अरूण बोहरा, महेश चन्द्र माथुर, अरविन्द कुमार, अर्जुनसिंह कविया, रामकिशोर फिडोदा, मुकेश कुमार स्वामी, ललिता बारहठ, डॉ. कप्तान बोरावड, माधुसिंह, विष्णुशंकर, जगदीश, मगराज, नरेन्द्रसिंह, शान्तिलाल सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, राजस्थानी रचनाकार, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संगोष्ठी का समापन गुरुवार को होगा।

अर्जुनसिंह भास्कर जोधपुर विकास प्राधिकरण पेंशनर्स के अध्यक्ष बने

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण पेंशनर्स का प्रथम दीपावली स्नेह मिलन समारोह होटल श्रीराम एक्सीलेंसी में मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जेडीए के मुख्य अभियन्ता, महेन्द्रसिंह पंवार थे। इसके साथ ही राकेश परिहार अधीक्षण अभियन्ता, अरविन्द माथुर अधीक्षण अभियन्ता, भंवरलाल चौधरी अधीक्षण अभियन्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का साफा पहनाकर व मोमेन्टो भेंट कर सम्मान किया गया।

समारोह में 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स का साफा पहनाकर एवं मोमेन्टो प्रदान कर सम्मान किया गया। गंगाप्रसाद थानवी, जगमालाराम विश्नोई, विनोद विरमानी देवीलाल भाकर, लालचंद रोपिया, दलजीतलाल बाफना, कालूराम, मेराजूदीन काजी, करोड़ी चटवानी, सीताराम भाटी, प्रदीपचन्द माथुर,अशोक कुमार जोशी, सीताराम (सर) को सम्मानित किया।

समारोह में सर्वसहमति से वर्ष 2026 के लिये कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अर्जुनसिंह भास्कर अध्यक्ष,घनश्याम पंवार, हिम्मत सिंह गहलोत,मुकेश माथुर, उपाध्यक्ष तथा प्रमोद कुमार चौहान चुने गए। इसी प्रकार रामस्वरूप शर्मा सचिव, कैलाश जोशी संयुक्त सचिव, अनिल माथुर सह सचिव,सलीम मोहम्मद संगठन सचिव, घनश्याम शर्मा कोषाध्यक्ष, हमीराराम विश्नोई प्रचार सचिव, यासीन मोहम्मद कार्यालय सचिव,मोहनलाल शर्मा सलाहकार, गंगाप्रसाद थानवी, विनोद विरमानी, देवीलाल भाकर, आर. के. पालीवाल संरक्षक चुने गए।

ऑटो चालक से मारपीट, होमगार्ड सहित कई जने आरोपी

जोधपुर, (कासं)। महामंदिर एरिया में रहने वाले एक ऑटो चालक के साथ में शिकारगढ़ मिनी मार्केट में मारपीट की गई। वह 27 अक्टूबर की रात में सवारी को छोडऩे गया था। सवारी से कुछ बोलचाल के बाद वहां पर तैनात एक होमगार्ड कर्मी ने पंच पंचायती करते हुए वापसी में ऑटो चालक के साथ बेरहमी से मारपीट करवाई और जान की धमकी दे डाली। उसे मूत्र भी पिलाने का प्रयास किया गया।

पीड़ित जब एयरपोर्ट थाने पहुंचा तो केस दर्ज करने में भी आनाकानी की गई। पीड़ित ने खुद का एमडीएम अस्पताल में मेडिकल करवाया। अब एयरपोर्ट थाना पुलिस ने के स दर्ज कर पड़ताल आरंभ की है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

दरअसल भोपालगढ़ के खारिया खंगार हाल महामंदिर में रहने वाले सुनील प्रजापत पुत्र राम गोपाल प्रजापत के साथ यह घटना हुई। इसकी रिपोर्ट के अनुसार वह 27 अक्टूबर की रात दो बजे के आस पास रेलवे स्टेशन से सवारी लेकर शिकारगढ़ मिनी मार्केट गया था। जहां पर सवारी को उतारने लगा तो सवारी ने कहा कि वह उसे 1-2 किलोमीटर आगे तक छोड़ दो। इस पर सुनील प्रजापत ने कहा कि आपको यहीं तक छोडऩे की बात हुई थी। इतनी रात में कैसे छोड़ सकता हूं। इस बीच वहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड कर्मी रघुनाथ सिंह आ गया और गाली-गलौच करते हुए बोला सब टैक्सी वाले हरामखोर नीच होते है। तुम्हारी तो अच्छे से पिटाई करनी चाहिए। गालियां भी देने लगा। वह डराने धमकाने के साथ पुलिस की गाड़ी बुलाने को कहा। इस पर पीड़ित सुनील चुपचाप सवारी को लेकर चला गया।

जब वह वापिस उसी मार्ग से निकला तब होमगार्ड रघुनाथ ने किसी दो जनों को बुला रखा था जो मोटर साईकिल लेकर आए थे और उनके पास डन्डे भी थे। जिन्होंने रुकवाया और टैक्सी की चाबी निकाल ली और यह कहते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी कि तुने हमारे भाई साहब के सामने कैसे बोला और लकड़ी से मारपीट करना शुरू हो गए। जब तक वहां पर एक सफेद कलर की स्कॉर्पियो आई और उसमे तीन लोग सवार थे।

गाडी रुकते ही होमगार्ड वाले ने स्कॉर्पियो वालो को बोला कि यही टैक्सी वाला है। तब वो नीचे उतर कर एक ने कहा कि मेरे मामा के सामने कैसे बोला यह कहते हुए उन्होंने भी मारपीट शुरू कर दी। मारते-मारते जब लकडी टूट गई तो होमगार्ड रघुनाथ सिंह ने अपना डन्डा मारने के लिये दिया और लगभग 40-45 मिनट तक मुझे इसी तरह गाली-गलौच करते हुए मारते रहे। मेरा पर्स चैक किया और 2-3 दिन की कमाई के 2-3 हजार रूपये थे वो भी ले लिए। मेरी आईडी कार्ड देखकर जाति-सूचक गालियां बोली। कपड़े उतारने और मूत्र पिलाने की कोशिश की। होमगार्ड ने धमकाया कि यह पुलिस में केस दर्ज कराया तो राजकार्य में बाधा का केस दर्ज करवा दूंगा।

पीड़ित ने अपने एक मित्र को कॉल कर बुलाया और एमडीएम अस्पताल एवं एयरपोर्ट थाने गया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बजाए उसे कई घंटों तक थाने में बिठाए रखा और राजीनामा का दबाव बनाया।

आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल का मामला

जोधपुर कमिश्नरेट जिला पश्चिम में नाबालिग लड़की के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाबालिग को डरा-धमकाकर जेवरात और पैसे ऐंठ लिए।

पीड़ित परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दी है जिसमें बताया कि दिवाली के दिन अपने घर की अलमारी को चेक किया तो उसमें से माताजी के सोने का पैंडल और सोने की चेन गायब मिली, साथ ही 3 हजार रुपए भी गायब थे। जब उन्होंने इस बारे में अपनी नाबालिग बेटी से पूछताछ की तो बेटी ने बताया कि एक युवक ने उसके आपत्तिजनक वीडियो बना लिए थे।युवक वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करने की धमकी देता था। इस कारण उसने जेवरात और रुपए निकाल कर युवक को दे दिए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 308 (2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी।

मोबाइल चोरी करके ऑन लाइन रुपए किए ट्रांसफर

जोधपुर, (कासं)। शहर के पाल पशु मेला रोड पर रहने वाले एक व्यक्ति का मोबाइल 27 अप्रेल को चोरी हो गया। शातिर ने फोन चुराने के बाद खाते में 67 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित को पता लगने पर वह पुलिस के पास पहुंचा मगर केस दर्ज नहीं किया गया। अब पीड़ित ने कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से एक नामजद युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

बोरानाडा पुलिस के अनुसार जिनेश्वर नगर, पाल पशु मेला रोड निवासी इन्द्रलाल पुत्र मोहनलाल माली ने यह रिपोर्ट दी।

इसमें बताया कि उसकी श्री जय स्वामी नारायण प्रोवीजन स्टोर के नाम में दुकान है। 27 अप्रेल की शाम को वह दुकान पर बैठा था। तब दुकान के अंदर सामान लेने गया। इस बीच किसी ने उसका फोन चुरा लिया। काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला।

बाद में इंद्र लाल ने अपने फोन पर कॉल किया तो किसी शख्स ने उठाया और कहा कि वह उसका फोन सुबह लौटा देगा।

उसका फोन रात दो बजे तक चालू था, मगर उसके बाद बंद हो गया। अज्ञात शख्स ने खुद को मेड़ता सिटी, नागौर का अभयसिंह होना बताया था। पीड़ित इंद्रलाल के फोन से यूपीआईडी से 67 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए गए। घटना के बाद पुलिस में केस दर्ज कराने गया तो केस दर्ज नहीं किया गया। फिर 15 मई को पुलिस आयुक्तालय में परिवाद दिया, मगर केस दर्ज नहीं हो पाया। अब कोर्ट में परिवाद पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

किशोर तालेपा बस दुखान्तिका के पीड़ित परिजनों से मिले

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले में विगत 14 अक्टूबर को हुई बस अग्नि दुर्घटना में मृतकों के पीडित परिवारजनों से संपर्क करने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव किशोरकुमार तालेपा बम्बारों की ढाणी व बासनपीर गांव पहुंचे।

सचिव के साथ चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मदनसिंह व अधिकार मित्र जगदीश कुमार साथ थे। उन्होनें दोनों स्थानों पर मृतक के परिवारजनों से संपर्क किया एवं उन्हें सरकार द्वारा मृतकों के परिवारजनों को प्रदान की जा सकने वाली योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। साथ ही सचिव ने बम्बारों की ढाणी में मृतक पीर मोहम्मद व बासनपीर के गावं के मृतक बरकत खां, अयूब खां व बसीरा के परिवारजनों से संपर्क किया व जानकारियां जुटाई।

सचिव ने बताया कि प्राधिकरण बस दुखान्तिका में सभी मृतक के पीड़ित परिवारजन को आवश्यक सलाह व सहायता उपलब्ध करवाने के लिये प्रतिबद्ध है एवं प्राधिकरण द्वारा न्यायरक्षक व अधिकार मित्र के माध्यम से सभी पीडित परिवारजन से संपर्क किया जाकर उन्हें आवश्यक सहायता व सलाह प्रदान की जाएगी एवं जिन परिवारजन को सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है अथवा सहायता राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई आ रही हो तो उनके निस्तारण में सहायता करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव तत्पर रहेगा।

एसआईआर गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संपादित करें : डॉ. गावंडे

जालोर, (का.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर को लेकर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों व बीएलओ को विस्तृत निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि सभी ईआरओ, बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्य की समुचित मॉनीटरिंग करें तथा निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों की जवाबदेहिता तय करते हुए एसआईआर गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संपादित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों की अक्षरश: पालना की जाए। निर्वाचन गतिविधियों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता का सत्यापन सुनिश्चित करने की बात कही।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ से संवाद करते हुए सभी पात्र मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करने, परिगणना प्रपत्र वितरण, मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने एवं संग्रहण सहित एसआईआर से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा, जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मनोज चौधरी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से जिले की सभी विधानसभाओं के ईआरओ व बीएलओ जुड़े रहे।

बाड़मेर में रोजगार शिविर आज

बाड़मेर, (नि.सं.)। रोजगार सेवा निदेशालय के निर्देशानुसार बाड़मेर जिले में युवाओं को रोजगार के लिए जिला मुख्यालय पर गुरूवार को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला रोजगार अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि रोजगार शिविर का आयोजन 30 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से आदर्श स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में 25 से अधिक निजी कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियां आवश्यकतानुसार आईटीआई प्रशिक्षित, डिप्लोमा एवं डिग्रीधारी अभियंता, एमबीए डिग्रीधारी, ड्राइवर, सुपरवाइजर, लेखाकार, लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर, बीमा अभिकर्ता, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षा गार्ड सहित विभिन्न ट्रेड के युवाओं का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि और समय पर शैक्षिणक दस्तावेजों, पहचान पत्र एवं पासपोट फोटोग्राफ सहित शिविर स्थल पर उपस्थित हो।

जैसलमेर में पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि : प्रताप

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले में पहली बार जिला कलैक्टर प्रतापसिंह एवं जिला पुलिस अधिक्षक अभिषेक शिवहरे द्वारा देशी विदेशी सेलनियों के लिए सुन्दर व्यवस्था की जा रही है।प्रसासन द्वारा व्यवस्था को "ऑपरेशन वेलकम" नाम दिया गया है जिसके अंतर्गत लपकागिरी करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की जाएगी।

प्रत्येक पर्यटन स्थल पर ट्यूरिस्ट हैल्प बूथ स्थापित किया गया है जँहा 24 घंटे सेलानियों की मदद की जाएगी। सम, खूहड़ी सैंड ड्यून्स क्षेत्र में फर्जी होटल/ रिसोट प्रोपर्टीज को चिन्हित कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। सोशल मीडिया पर पर्यटकों को जागरूक करने के लिए अभियान चालू किया गया है। ट्यूरिस्ट हैल्प डेस्क का गठन कर नम्बर जारी किए गए है।

"ऑपरेशन वेलकम" के अंतर्गत होर्डिंग्स एवं बैनर शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों, शहर में प्रवेश होने वाले रास्तो, चौराहो, खुहडी तथा सम सैण्डयूज एवं अन्य सार्वजनिक स्थानो पर लगवाये जावेगें तथा उन पर ट्यूरिस्ट हैल्प डेस्क के मोबाईल नम्बर अंकित किये गये है। जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा "ऑपरेशन वेलकम" के पोस्टर का विमोचन किया गया है।

लगातार जिला कलेक्टर प्रतापसिंह द्वारा दुर्ग में मार्ग संकड़ा करने वाले नासूर को खत्म करने के निर्देश का अम्लीजामा दिखा

इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ बल्कि सोनार दुर्ग का ऐतिहासिक सौन्दर्य भी निखर उठा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी दुर्ग पहुंचे घाटियों में रखे पाटे, दुकानो के बाहर रोड पर की की गई सामान की सजावट देख नाराज हुए, अखे प्रोल चौक में मन मर्जी से खड़ी की गई चोपहिया वाहनों को देख एस पी विचलित दिखे। अधिनिस्थ अधिकारियों की टीम को निर्देश दे कर पूरा दुर्ग मार्ग खुला करवा दिया।

उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल की अगुवाई में आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सोढा द्वारा घाटियों पर रखे पाटे, सेल्फी पॉइंट और सडक़ पर रखे सामान को हटाया तथा किले के बाहर के टैक्सी स्टैंड को हटाए जाने से पूरा इलाका खुला-खुला दिखाई दिया। सैलानियों के साथ ही आमजन ने वर्षों बाद दुर्ग को मौलिक स्वरूप में देख कर प्रसन्नता का इजहार किया।

वरिष्ठ नागरिक पूनमचंद ने जिला कलेक्टर प्रतापसिंह द्वारा लिए गए एक्सन की प्रशंसा करते हुए बताया कि यह सुधार लम्बे समय तक रहेगा तभी कार्य की सार्थकता होगी।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान, जागरूकता गतिविधियां आयोजित

रेवदर, (निसं)। सिरोही जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 के अंतर्गत व्यापक जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं समुदाय को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना, नशे से दूर रहने की प्रेरणा देना तथा तंबाकू मुक्त समाज की स्थापना करना है।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा कार्यकर्ताओं को नारा लेखन, जनजागरूकता रैली, दीवार लेखन तथा घर-घर संपर्क जैसे कार्य मों के माध्यम से जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं। आशा कार्यकर्ता गांवों और शहरी क्षेत्रों में जाकर तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, इसके कारण उत्पन्न बीमारियों तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जानकारी दे रही हैं। साथ